मप्र गढ़ रहा निवेश, रोजगार का नया मॉडल : सीएम

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 25 दिसंबर. ग्वालियर में आयोजित अभ्युदय एमपी ग्रोथ समिट को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश निवेश, रोजगार और समावेशी विकास का एक नया मॉडल गढ़ रहा है। अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट से प्रदेश में औद्योगिक विस्तार को नई गति मिलेगी और युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश अब साकार होती संभावनाओं का अग्रणी केंद्र बन चुका है। उन्होंने कहा कि आज का यह आयोजन प्रदेश के उज्जवल औद्योगिक

भविष्य की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में निवेश हर मायने में फायदे का सौदा है। मध्यप्रदेश, देश का दिल होने के साथ-साथ देश की आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रमुख पड़ाव है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश अनंत संभावनायें लिए हुए है। देश के मध्य में स्थित होने के कारण मध्यप्रदेश व्यापार, व्यवसाय, उद्योग-धंधे लगाने से लेकर अपने उत्पाद को निर्यात करने के लिए एक अनुपम केंद्र बन रहा है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने मध्यप्रदेश को 'भारत का विकास और अवसरों का केंद्र' बताते हुए सभी निवेशकों से प्रदेश में निवेश जरूर करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश आज उन चुनिंदा राज्यों में है, जहाँ प्राकृतिक संसाधन, उद्योग-अनुकूल नीतियाँ, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और स्थिर शासन— सभी निवेशकों के लिए आदर्श वातावरण तैयार करते हैं।

अभ्युदय एमपी ग्रोथ समिट 2025

मप्र में 8 .5 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतर रहे

मुख्यमंत्री ने स्व . अटल जी की 101वीं जयंती के अवसर पर उन्हें नमन कर श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में गरीब, किसान, महिला एवं युवाओं के कल्याण के लिए व्यापक स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी एवं गृहमंत्री शाह के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश इसी 11 दिसंबर को नक्सलवाद की समस्या से पूर्णत: मुक्त हो चुका है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश में औद्योगिक निवेश बढ़ाने के लिये हर संभव कोशिश कर रही है। मध्यप्रदेश में 8 .5 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतर रहे हैं। अटलजी की जयंती के अवसर पर प्रदेश के साथ ग्वालियर को भी बड़ी सौगातें मिल रही हैं।

शाह के पास है लौहपुरुष सरदार पटेल जैसी क्षमता : सिंधिया

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 25 दिसंबर. केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मध्य प्रदेश सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यहां आयोजित 'अभ्युदय मध्य प्रदेश' कार्यक्रम में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के दृढ़ नेतृत्व की सराहना की, मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार के दो वर्ष पूरे होने पर उपलब्धियों के आंकड़े प्रस्तुत किए और बताया कि मुख्यमंत्री मोहन यादव सरकार में मध्य प्रदेश अभूतपूर्व गति से समावेशी विकास के पथ पर अग्रसर है। साथ ही उन्होंने कहा कि 25 दिसंबर केवल एक तिथि नहीं, बल्कि सुशासन, विचार और राष्ट्रसेवा की परंपरा का प्रतीक है। जहाँ भारत रत्न अटल बिहारी

वाजपेयी की स्मृति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में साकार होते सुशासन का समन्वय दिखाई देता है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अटल जी ने सुशासन की जिस वैचारिक नींव को रखा था, उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तकनीक, पारदर्शिता और गति के साथ जन-अनुभव और हकीकत में बदला है। डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर से लेकर डिजिटल इंडिया तक, शासन अब फाइलों से निकलकर नागरिकों की मोबाइल स्क्रीन तक पहुँचा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की हर नीति अंत्योदय के मूल भाव - अंतिम व्यक्ति तक विकास से प्रेरित है। सिंधिया ने कहा कि अटल जी के लिए सत्ता पद का साधन नहीं, बल्कि परिवर्तन की साधना थी और प्रधानमंत्री मोदी इसी सिद्धांत को आज चरितार्थ कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके निर्णयों में अटल जी के विचारों एवं आदर्शों के साथ लौहपुरुष सरदार पटेल की दृढ़ता और राष्ट्रहित सर्वोपरि रखने का भाव स्पष्ट रूप से झलकता है। उन्होंने कश्मीर में शांति की बहाली की.

अभ्युदय मध्य प्रदेश : निवेश, विश्वास और रोजगार की नई पहचान

मध्य प्रदेश सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर सिंधिया ने राज्य की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए कहा कि प्रदेश आज मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में निवेश और औद्योगिक विकास के नए युग में प्रवेश कर चुका है। प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति में भोपाल में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 ने मध्य प्रदेश की वैश्विक विश्वसनीयता को नई ऊँचाई दी है। उन्होंने बताया कि राज्य को 30 .77 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 8 .57 लाख करोड़ रुपये के प्रस्ताव धरातल पर उतर चुके हैं, जो युवाओं के लिए रोजगार और आत्मनिर्भरता का मजबूत आधार बनेंगे। यह प्रत्यक्ष प्रमाण है कि मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश की विकास यात्रा उन्हीं आदर्शों और मूल्यों पर निरंतर आगे बढ़ रही है.

स्थानीय परंपरा और आर्थिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण प्रतीक है ग्वालियर मेला : नरेन्द्र सिंह

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 25 दिसंबर. मप्र विधानसभा के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा है कि अभ्युदय एमपी ग्रोथ समिट भारतरत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटलजी के व्यक्तित्व और कृतित्व को श्रद्धा-सुमन अर्पित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि शताब्दी वर्ष के अवसर पर इस प्रकार का आयोजन होना वास्तव में सोने पर सुहागा है।

इस अवसर पर जिले की औद्योगिक इकाइयों के भूमिपूजन का कार्य संपन्न हो रहा है, जो क्षेत्र के औद्योगिक विकास को नई गति प्रदान करेगा। साथ ही ग्वालियर द्वारा वर्ष 1905 से आयोजित होने वाले ऐतिहासिक ग्वालियर मेले का शुभारंभ भी किया गया है, जो स्थानीय परंपरा और आर्थिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण प्रतीक रहा है।

विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने कहा कि आज के दिन अटल म्यूजियम का लोकार्पण होना गौरव की बात है। यह म्यूजियम

श्रद्धेय अटलजी की स्मृतियों, विचारों और सार्वजनिक जीवन की झलक को संजोए हुए है। उन्होंने कहा कि अटल म्यूजियम आने वाली पीढ़ियों को अटल जी के आदर्शों, मूल्यों और आचरण से परिचित कराएगा तथा उन्हें राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करेगा। यह केवल एक संग्रहालय नहीं, बल्कि विचार और प्रेरणा का केंद्र है, जो समाज को सकारात्मक दिशा देने का कार्य करेगा।

अटलजी के मूल्यों को आत्मसात कर व्यवहार एवं सार्वजनिक जीवन में उतारने का संकल्प लें : हेमंत खंडेलवाल

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि आज का दिन क्षेत्र के इतिहास में सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा कि अटलजी के जन्मदिवस पर इस कार्यक्रम का आयोजन अपने आप में विशेष महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि स्व .अटल बिहारी वाजपेयी भारत की आत्मा की आवाज थे। उनका चिंतन, उनकी वाणी और उनका नेतृत्व राष्ट्र को एक सूत्र में बांधने वाला था। अटल जी ने अपने दूरदर्शी नेतृत्व और अथक परिश्रम से देश को विकास की नई दिशा दी और भारत को निवेश के लिए एक विश्वसनीय गंतव्य के रूप में स्थापित करने की मजबूत नींव रखी। खंडेलवाल ने कहा कि अटल जी का जीवन, उनका आचरण और उनके आदर्श हम सभी के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से आह्वान किया कि हम सभी स्व . अटल जी के मूल्यों को आत्मसात करें और उन्हें अपने व्यवहार एवं सार्वजनिक जीवन में उतारने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि अटल जी का एक-एक वाक्य हमारे जीवन के लिए आदर्श सूत्र की तरह है, जो हमें राष्ट्र, समाज और कर्तव्य के प्रति निरंतर प्रेरित करता रहेगा।

गृह मंत्री अमित शाह का सत्येन्द्र शर्मा ने अभिनन्दन कर आभार व्यक्त किया

ग्वालियर। अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट मेला ग्राउंड कार्यक्रम स्थल पर गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री सत्येन्द्र शर्मा ने अभिनन्दन कर देश को सशक्त बनाने के लिए एवं ज्योतिरादित्य सिंधिया को आशीर्वाद देने के लिए आभार व्यक्त किया जिला मंत्री सत्येंद्र शर्मा की बात को गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा रुक कर सुना और बात को सुनने के बाद मुस्कुराए अभिवादन स्वीकार किया और आगे बढ़ गए इस अवसर पर वहां पर मौजूद अन्य नेतागढ़ भी मुस्कुरा गए।

भारत रत्न अटल जी की कलात्मक तस्वीर ने मन मोहा

'मध्यप्रदेश अभ्युदय ग्रोथ समिट' के मुख्य मंच पर सजी अटल बिहारी वाजपेयी की भव्य एवं भावपूर्ण तस्वीर ने सभी अतिथियों का मन मोह लिया। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह व मुख्यमंत्री डॉ . मोहन यादव सहित मंचासीन गणमान्य अतिथियों ने इस चित्र के समक्ष श्रद्धांजलि अर्पित की। संयमित रंग-संयोजन, सूक्ष्म रेखांकन और मुखमंडल पर उकेरी गई सहज करुणा व राष्ट्रभाव ने अतिथियों को ठहरकर इस तस्वीर को देखने को विवश कर दिया। चित्र में अटल जी की दृष्टि भविष्य की ओर आश्वस्त होकर देखती प्रतीत हो रही थी। ऐसा लग रहा था मानो अटल जी विकास, संवाद और लोकतांत्रिक मूल्यों का संदेश दे रहे हैं। अटल जी की यह प्रभावशाली तस्वीर शासकीय ललित कला महाविद्यालय, ग्वालियर के प्रो . एवं ख्यात चित्रकार श्री उमेंद्र वर्मा द्वारा तैयार की गई है।

प्रदेश के औद्योगिक विकास की दिशा में ऐतिहासिक पड़ाव : राघवेन्द्र सिंह

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 25 दिसंबर. औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के प्रमुख सचिव राघवेंद्र सिंह ने कहा कि अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट मध्यप्रदेश के औद्योगिक विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक पड़ाव सिद्ध होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में मध्यप्रदेश आज अपने औद्योगिक इतिहास के एक नए स्वर्णिम अध्याय की ओर अग्रसर है। यह कार्यक्रम केवल निवेश और परियोजनाओं की घोषणा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रदेश के युवाओं, उद्यमियों और श्रमिकों के सपनों को साकार करने का मंच है। प्रमुख सचिव सिंह ने बताया कि आज इस कार्यक्रम के जरिए प्रदेश में 1,118 नवीन औद्योगिक इकाईयों, परियोजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है, जिनमें 2.17 लाख करोड़ रुपए से अधिक का निवेश होना प्रस्तावित है। इन परियोजनाओं से 1,93,772 से अधिक रोजगार के अवसर

सृजित होंगे, जो समावेशी और संतुलित विकास की दिशा में एक मजबूत कदम है।

उन्होंने कहा कि इसके साथ ही 5,010.1 करोड़ रुपए की लागत से विकसित किए जा रहे औद्योगिक क्षेत्रों एवं अन्य महत्वपूर्ण अधोसंरचनात्मक परियोजनाओं का लोकार्पण और भूमिपूजन भी हुआ।

इन उद्योगपतियों की रही मौजूदगी

समिट में जेके टायर के प्रबंध निदेशक अंशुमन सिंघानिया, प्रबंध निदेशक ग्रीनको अनिल कुमार चलामला सेट्टी, एलेक्जर इंडस्ट्री के अध्यक्ष अरुण गोयल, दलित चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष डॉ . मिलिंद कामले, एलएनजे भीलवाड़ा समूह के चेयरमेन रिजू झुनझुनवाला, सर्विस एक्सपोर्ट काउंसिल के डायरेक्टर जनरल अभय सिन्हा, सीआईआई के अध्यक्ष आशीष वैश्य, रमनीक पॉवर के डायरेक्टर कम प्रमोटर आशीष त्रिवेदी, न्यू जील फैशन वियर के अध्यक्ष दीनबंधु त्रिवेदी, इनशोलेशन ग्रीन एनर्जी के अध्यक्ष मनीष गुप्ता, डाबर इंडिया के सीईओ मोहित मल्होत्रा, टोरेंट पॉवर के निदेशक जिगिश मेहता, गौतम सोलर प्राइवेट लिमिटेड के अध्यक्ष गौतम मोहंका, सागर ग्रुप के अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल, कॉस्मिक पीवी पॉवर के अध्यक्ष जेनीश घाऐल, मैकेन फूड के निदेशक अमिताभ बख्शी, प्रेस्टीज ग्रुप के प्रमोटर कम डायरेक्टर हिमांशु जैन, गोकलदास एक्सपोर्ट के डायरेक्टर प्रभास सिंह सहित औद्योगिक संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं उद्योगपति भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

गोरखी स्कूल में अटल म्युजियम की स्थापना की गई है। इस संग्रहालय में आज ग्वालियर कलेक्टर रुचिक चौहान जब पहुंचीं तो वह अपनी उत्सुकता रोक नहीं पाई और संग्रहालय में स्थित अटल जी की कुर्सी के समीप बैठकर फोटो क्लीक कराया।

पराली से गढ़ी अटल जी की प्रतिमा भेंट की

ग्वालियर 25 दिसंबर. मध्यप्रदेश अभ्युदय ग्रोथ समिट के अवसर पर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पराली से निर्मित भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की आकर्षक प्रतिमा स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट की। यह विशिष्ट एवं पर्यावरण-संवेदनशील कलाकृति नव उद्यमी शुभम सिंह की क्राफ्ट कंपनी द्वारा तैयार की गई है।

पराली जैसे साधारण कृषि अवशेष से साकार की गई अटल जी की यह प्रतिमा रचनात्मकता, पर्यावरण संरक्षण व नवाचार का संदेश दे रही थी।

अमित शाह ने सिंधिया को राजा साहब कहकर किया संबोधित, बजी तालियां

झलकियां

- गृहमंत्री ने सिंधिया को जब राजा साहब संबोधित किया तो पंडाल में देर तक तालियां और सिंधिया जिंदाबाद के नारे गूँजते रहे.
- गृहमंत्री का जब बड़ी माला के साथ स्वागत किया जा रहा था तभी गृहमंत्री के पास कोई फोन आया और गृहमंत्री फोन पर कुछ देर बात करते रहे तब तक मुख्यमंत्री सिंधिया और तोमर सहित अन्य अतिथि इंतजार करते रहे, उसके बाद उन्होंने अपना स्वागत करवाया.
- सिंधिया जब भाषण दे रहे थे तब पंडाल में कार्यकर्ताओं ने कई बार तालियां बजाई. सिंधिया ने अपने परिवार द्वारा शुरू कराए गए ग्वालियर व्यापार मेले का जिक्र किया.
- गृहमंत्री ने मध्य प्रदेश के लिए 2 लाख करोड़ की सौगात कल लोकार्पण किया उसके बाद मुख्यमंत्री ने कहा यह सिर्फ शुरुआत है हम और आगे जाएंगे.
- ग्वालियर व्यापार मेला और ग्वालियर चंबल अंचल के इंफ्रास्ट्रक्चर, बिजली और जनकल्याणकारी परियोजनाओं का लोकार्पण हुआ।
- कार्यक्रम की शुरुआत में और बीच में कई बार ग्वालियर के शंकर बाधक विक्रम राणा शंखनाद करते रहे.
- कार्यक्रम में गृहमंत्री अमित शाह ने ग्वालियर के पीढ़ियों से अपने पुराने संबंधों का भावुक स्मरण किया.

अमित शाह ने ग्रोथ समिट के लिये मुख्यमंत्री की मेहनत को सराहा

ग्वालियर 25 दिसंबर. प्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने आज अपनी योग्यता अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट के सफल आयोजन से दर्शा दी। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी इस ग्रोथ से प्रभावित दिखे। उन्होंने मुख्यमंत्री डा यादव की आधा दर्जन से भी अधिक बार तारीफ की।केन्द्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने मध्यप्रदेश के संतुलित विकास पर ध्यान दिया है, जितना रूचि वह मालवा , विंध्य में विकास और रोजगार परक कार्यो में ले रहे है, वह उससे ज्यादा रूचि ग्वालियर-चंबल अंचल में भी ले रहे है। केन्द्रीय गृहमंत्री शाह ने मुख्यमंत्री डा यादव को बार बार अभ्युदय ग्रोथ समिट की व्यापकता और उसकी सफलता पर बधाई दी। मुख्यमंत्री अमित शाह द्वारा की गई तारीफ पर लगातार हाथ जोडे रहे।

कार्यालय - भगत उदय सिंह शिक्षा प्रसार समिति द्वारा संचालित

उदय एज्यूकेशन कॉलेज

ग्राम- पचैरा (गोरमी) जिला भिण्ड (म.प्र.)

मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर के परिनियम 28(17) के तहत शैक्षणिक पदों की भर्ती हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित है।

पद का नाम	संख्या	योग्यता
प्राचार्य	01	Ph.D., Net,10 वर्ष अनुभव अनिवार्य
सहा. प्राध्यापक: पैडागॉजी/ एज्यूकेशनल विषय	07	स्नातक 50 प्रतिशत, स्नातकोत्तर 55 प्रतिशत, एम.एड. या समकक्ष 55 प्रतिशत एवं शिक्षा में पीएचडी/नेट

वेतनमान म.प्र. शासन एवं यूजीसी के नियमानुसार। आवेदक समस्त दस्तावेजों सहित अपना आवेदन 7 दिवस के अंदर निम्न पते पर भेंजे - **सचिव भगत उदय सिंह शिक्षा प्रसार समिति**
ग्राम पचैरा (गोरमी) जिला भिण्ड (म.प्र.) मो. 9826354889 सचिव
दिनांक : 25.12.2025 भगत उदय सिंह शिक्षा प्रसार समिति

'निवेश से रोजगार-अटल संकल्प' विषय पर लगी प्रदर्शनी

ग्वालियर 25 दिसंबर. 'अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट' स्थल पर 'निवेश से रोजगार-अटल संकल्प' विषय पर प्रदर्शनी लगाई गई। समिट के मुख्य अतिथि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। यह प्रदर्शनी स्व. वाजपेयी की राष्ट्र प्रेम को समर्पित जीवन यात्रा और राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को अत्यंत जीवंत रूप में प्रस्तुत कर रही थी।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

शाखा : निशा प्लाजा आचरण प्रैस के पास, जिंसी रोड़ नं. 1, जयेन्द्रगंज, ग्वालियर-474009, मो. नं. 72477-16428, Email ID: vjgwal@bankofbaroda.co.in, Web: www.bankofbaroda.com

आभूषणों की नीलामी के सूचनार्थ उधारकर्ता को नोटिस

धरमबीर पुत्र रामस्वरूप, खल्लासीपुरा, शिन्दे की छावनी, गिर्द लश्कर सिटी ग्वालियर (म.प्र.)-474009, मोबा : 7898483003
प्रिय महोदय / महोदया,
पुन: आपका गोल्ड लोन ऋण संख्या: **78490600002783**

हम अपने पिछले पत्र दिनांक 13 .08 .2025 का संदर्भ लेते हैं जिसमें आपसे आपके उपरोक्त खाते में बकाया राशि चुकाने का अनुरोध किया गया है। हमें यह देखकर खेद है कि हमारी सूचनाओं पर आपकी ओर से कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं आई। हम आपको सलाह देते हैं कि उपरोक्त स्वर्ण की देनदारी और अन्य शुल्कों का भुगतान करें और गिरवी रखी गई प्रतिभूतियों को 17 .12 .2025 को या उससे पहले भुनाएं, ऐसा न करने पर उक्त प्रतिभूतियां बैंक द्वारा सार्वजनिक नीलामी या निजी संधि में आपकी लागत एवं खर्चे पर बैंक परिसर में दिनांक 27 .12 .2025 को 11:00 बजे या उसके बाद किसी अन्य सुविधाजनक तारीख को बैंक के उचित विवेक पर बिना किसी सूचना के बेची जाएगी। कृपया ध्यान दें कि नीलामी की लागत और उस संबंध में शुल्क आपके द्वारा भुगतान किया जाएगा।

भवदीय, शाखा प्रबंधक



स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95